| |
|---|
| दिनांक 17.05.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 18/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना लोनी**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 कार (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 16.05.2023 को थाना लोनी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुस्ता रोड खन्ना नगर में चेकिंग के दौरान कार सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मेहराज घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 कार (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जनपद बस्ती में पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद बस्ती से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध लगभग 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना लोनी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मेहराज निवासी गोरा पट्टी लोनी थाना लोनी, गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1–01 कार (बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद सोनभद्र/थाना अनपरा**

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के जेवरात**
- **चोरी के 14 मोबाइल फोन**
- **चोरी के 02 लैपटॉप/टैबलेट**
- **चोरी के 17 हजार 500 रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 16/17.05.2023 की रात्रि थाना अनपरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर करहिया में पहाड़ी के पास से 05 अभियुक्तों 1–अनिल कुमार 2–धरिकार 3–अजय 4–रिषभ 5–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के जेवरात, चोरी के 14 मोबाइल फोन, चोरी के 02 लैपटॉप/टैबलेट, चोरी के 17 हजार 500 रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद जेवरात, मोबाइल फोन, लैपटॉप, टैबलेट आदि थाना अनपरा पर पंजीकृत चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना अनपरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अनिल कुमार निवासी करहिया डिबुलगंज थाना अनपरा जनपद सोनभद्र।

2–धरिकार निवासी करहिया डिबुलगंज थाना अनपरा जनपद सोनभद्र।

3–अजय निवासी रेलवे स्टेशन रेनूकूट थाना पिपरी जनपद सोनभद्र।

4–रिषभ निवासी डिबुलगंज थाना अनपरा जनपद सोनभद्र।

5–अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–चोरी के जेवरात।

2–चोरी के 14 मोबाइल फोन।

3–चोरी के 02 लैपटॉप/टैबलेट।

4–चोरी के 17 हजार 500 रूपये नगद आदि।

## जनपद बाराबंकी/थाना सतरिख

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 65 हजार रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन बरामद**

दिनांक 17.05.2023 को थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नानमऊ बैंक के पास से अभियुक्त अमर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 65 हजार रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बाराबंकी, गोण्डा, बलरामपुर कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 16 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सतरिख पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अमर निवासी दुल्हापुर थाना धानेपुर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी**

1–चोरी के 65 हजार रूपये नगद।

2–01 मोबाइल फोन।

## जनपद चित्रकूट/थाना मऊ

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 लाख 30 हजार रूपये नगद**
- **01 चेक बुक, 01 पास बुक**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 17.05.2023 को थाना मऊ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त रामबाबू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से टप्पेबाजी/चोरी के 01 लाख 30 हजार रूपये नगद, 01 चेक बुक, 01 पास बुक, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद चित्रकूट के विभिन्न थानो में हत्या, चोरी, गुण्डा एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया टप्पेबाजी/चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना मऊ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रामबाबू निवासी रूरल थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट।

**बरामदगी**

1—01 लाख 30 हजार रूपये नगद।

2—01 चेक बुक, 01 पास बुक।

3—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

**जनपद झाँसी/थाना कटेरा**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **03 लाख 93 हजार रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, डीएल**
- **जावा आई कम्पनी के 75 पम्पलेट, 715 विजिटिंग कार्ड, 22 पोस्टर, 27 स्टीकर आदि बरामद**

दिनांक 17.05.2023 को थाना कटेरा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर यारा बार्डर के पास से 02 अभियुक्तों 1—अनुज 2—अंकित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 03 लाख 93 हजार रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, डीएल, जावा आई कम्पनी के 75 पम्पलेट, 715 विजिटिंग कार्ड, 22 पोस्टर, 27 स्टीकर आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जावा आई कम्पनी के एप में रूपये इनवेस्ट करने पर कमीशन व 25 दिन में राशि दोगुना होने आदि का लालच देकर लोगो से पैसे इस कम्पनी में इनवेस्ट कर घोखाघड़ी की घटनाए कारित की जाती है।

इस सम्बन्ध में थाना कटेरा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अनुज निवासी महेवा चक्र–01 थाना लिधौरा जनपद टीकमगढ़ मध्य प्रदेश।

2–अंकित निवासी कस्बा व थाना पूँछ जनपद झाँसी।

**बरामदगी**

1–03 लाख 93 हजार रूपये नगद।

2–02 मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, डीएल।

3–जावा आई कम्पनी के 75 पम्पलेट, 715 विजिटिंग कार्ड, 22 पोस्टर, 27 स्टीकर आदि।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना बीटा–2

- **09 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 300 करोड़ रूपये कीमत के 46 किलो मैथाफीटामाइन/MDMA/मैथ ड्रग्स**
- **ड्रग्स बनाने के उपकरण व रॉ मैटेरीयल/केमिकल आदि बरामद**

दिनांक 17.05.2023 को थाना बीटा–2, थाना दादरी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 09 अभियुक्त (विदेशी नागरिक) 1–ANUDUM EMMANUEL 2-AJOKU UBAKA 3-DAMIEL AZUH 4-DRAMEMOMD 5-LEVI UZOCHUKW 6-JACOB EMEFIELE 7-KOFIE 8-CHIDI IJIAGWA 9-AJOKU KLECHI को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 300 करोड़ रूपये कीमत के 46 किलो मैथाफीटामाइन/MDMA/मैथ ड्रग्स, ड्रग्स बनाने के उपकरण व रॉ मैटेरीयल/केमिकल आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना बीटा–2 पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–ANUDUM EMMANUEL R/O VILLAGE JAITPUR PS SURAJPUR GREATER NOIDA P.A. NIGERIA AFRICA

2-AJOKU UBAKA R/O VILLAGE JAITPUR PS SURAJPUR GREATER NOIDA P.A. NIGERIA AFRICA

3-DAMIEL AZUH R/O VILLAGE JAITPUR PS SURAJPUR GREATER NOIDA P.A. NIGERIA AFRICA

4-DRAMEMOMD R/O THETA-II PS-SURJPUR GREATER NOIDA P.A.SENEGAL AFRICA

5-LEVI UZOCHUKW R/O DELTA-II PS SURAJPUR GREATER NOIDA P.A. NIGERIA AFRICA

6-JACOB EMEFIELE R/O VILLAGE JAITPUR PS SURAJPUR GREATER NOIDA P.A. NIGERIA AFRICA

7-KOFIE R/O VILLAGE JAITPUR PS SURAJPUR GREATER NOIDA P.A. NIGERIA AFRICA

8-CHIDI IJIAGWA R/O VILLAGE JAITPUR PS SURAJPUR GREATER NOIDA P.A. NIGERIA AFRICA

9-AJOKU KLECHI R/O VILLAGE JAITPUR PS SURAJPUR GREATER NOIDA P.A. NIGERIA AFRICA

**बरामदगी**

1–लगभग 300 करोड़ रूपये कीमत के 46 किलो मैथाफीटामाइन/MDMA/मैथ ड्रग्स।

2–ड्रग्स बनाने के उपकरण व रॉ मैटेरीयल/केमिकल आदि।

## जनपद बाराबंकी/थाना सतरिख

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **572 ग्राम अवैध अफीम बरामद**

दिनांक 16.05.2023 की रात्रि थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शेखनापुर नहर पुलिया के पास से अभियुक्त रघुनाथ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 572 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सतरिख पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रघुनाथ निवासी नरौली थाना सतरिख जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1–572 ग्राम अवैध अफीम।

- **जनपद श्रावस्ती/थाना मल्हीपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन सश्रम कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद श्रावस्ती पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय एएसजे/एफटीसी जनपद श्रावस्ती द्वारा थाना मल्हीपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त बुढ़ऊ को आजीवन सश्रम कारावास व 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद गाजीपुर/थाना बिरनों (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तों को 20–20 वर्ष के कारावास की सजा व 45–45 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद गाजीपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय पॉक्सो कोर्ट जनपद गाजीपुर द्वारा थाना बिरनों पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि व 4(2) पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त 1–मेवालाल 2–उपेन्द्र को 20–20 वर्ष के कारावास व 45–45 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद बाराबंकी (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)**

जनपद बाराबंकी पुलिस ने अभियुक्त मुहम्मद सुहैब मुजाहिद पुत्र मो0 इजहारूल हसन निवासी जमालपुर मिर्जापुर (मलिक टोला) परगना व तहसील घोसी जनपद मऊ हालपता वसिहाबाद सदियापुर थाना करैली प्रयागराज द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी अचल सम्पत्ति कीमत करीब 01 करोड़ 50 लाख रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

**एस0टी0एफ0–जनपद आजमगढ़ से 25,000/–25000/– रूपये के पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्तगण नसीम व परवेज गिरफ्तार।**

दिनांक 17–05–2023 को एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़ में पंजीकृत मु0अ0स0 76/2023 धारा–3 (1) उ0प्र0 गैंगेस्टर में वांछित रू0 25,000/–व 25000/– रूपये के पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्तगण नसीम अहमद व परवेज अहमद को जनपद आजमगढ़ से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–**

1– नसीम अहमद पुत्र मैनुद्दीन निवासी शेरवा, थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़।

2– परवेज अहमद पुत्र अशफाक अहमद निवासी शेरवा, थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी–**

1– 01 अदद आधार कार्ड,

2– एक अदद ड्राइविंग लाइसेन्स,

3– एक अदद एटीएम कार्ड,

4– 03 अदद मोबाइल फोन

5– रू0 500/–

**गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक व समय**

बस्ती नहर पुलिया के पास, थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़, दिनांक–17–05 –2023 समय 10:45 बजे।

विगत काफी दिनों से उत्तर प्रदेश के जनपदों में वांछित पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिए जाने की सूचनाएं एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्राप्त हो रही थी, इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयो/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालन में श्री प्रमेश कुमार शुक्ल, पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश लखनऊ के पर्वेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

निरीक्षक श्री संतोष कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 जावेद आलम सिद्दीकी, मुख्य आरक्षी मृत्युंजन कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी बरनाम सिंह व आरक्षी चालक शैलेन्द्र कुमार की टीम द्वारा धरातलीय अभिसूचना संकलन हेतु जनपद आजमगढ़ में मामूर थी। इसी दौरान विश्वस्त सूत्रों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़ में पंजीकृत मु0अ0स0 76/2023 धारा–3 (1) उ0प्र0 गैंगेस्टर में वांछित रु0 25,000/–व 25000/– रूपये के पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्तगण नसीम अहमद व परवेज अहमद बस्ती नहर पुलिया के पास आने वाले हैं। यदि शीघ्रता की जाये तो पकड़े जा सकते है। इस सूचना पर एस0टी0एफ0 टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते स्थानीय पुलिस को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताये गये उक्त स्थान पर पहुंच कर उपरोक्त अभियुक्तों को आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने संयुक्त पूछताछ पर बताया कि वह लखनऊ व आजमगढ़ में एजेन्टों के माध्यम से वीजा बनवाकर लोगों को गल्फ कन्ट्री भिजवाते हैं। इस सम्बन्ध में अभियोग भी पंजीकृत हो चुका है। प्रापर्टी डीलिंग का काम भी करते हैं, जिसके सम्बन्ध में कई अभियोग भूमि विवाद से सम्बन्धित पंजीकृत हुए है। आजमगढ़ पुलिस द्वारा हम लोगों पर गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही भी की है, जिसके कारण हम लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुरस्कार भी घोषित किया गया था, इसी कारण छिप–छिपा कर रह रहे थे। आज आजमगढ़ आये थे कि पकड़ लिये गये।

**अभियुक्त नसीम अहमद का अबतक का ज्ञात आपराधिक इतिहासः–**

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 183/2019 | 419/420/468 भादवि | सरायमीर | आजमगढ़ |
| 2 | 123/2021 | 419/420/467/468/471/120बी भादवि | निजामाबाद | आजमगढ़ |
| 3 | 45/2023 | 419/420/467/468/471 भादवि | सरायमीर | आजमगढ़ |
| 4 | 76/2023 | 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट | सरायमीर | आजमगढ़ |

**अभियुक्त परवेज अहमद का अबतक का ज्ञात आपराधिक इतिहासः–**

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 416/2012 | 147/149/323/427/504/506 भादवि | सरायमीर | आजमगढ़ |
| 2 | 315/2013 | 147/188/341 भादवि | सरायमीर | आजमगढ़ |
| 3 | 366/2013 | 147/188/341 भादवि व 7 सीएलए एक्ट | सरायमीर | आजमगढ़ |
| 4 | 299/2014 | 3/4 गुण्डा एक्ट | सरायमीर | आजमगढ़ |
| 5 | 183/2014 | 323/325/3521/427 भादवि | सरायमीर | आजमगढ़ |
| 6 | 183/2019 | 419/420/468 भादवि | सरायमीर | आजमगढ़ |
| 7 | 18/2023 | 406/420/506 भादवि | सरायमीर | आजमगढ़ |
| 8 | 45/2023 | 419/420/467/468/471 भादवि | सरायमीर | आजमगढ़ |
| 9 | 76/2023 | 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट | सरायमीर | आजमगढ़ |

उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तों को मु0अ0सं0 76/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़ में दाखिल किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

———————